खबर संक्षेप

सोना 420 रुपए टूटा, चांदी 869 रुपए कमजोर

नई दिल्ली। दिल्ली सराफा बाजार में गुरुवार को सोना 420 रुपये टूटकर 57,554 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। इससे पिछले सत्र में पीली धातु का भाव 54,974 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सोने की तर्ज पर चांदी भी 869 रुपये के नुकसान से 68,254 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई।

मस्क ने टेस्ला के 3.58 अरब डॉलर के शेयर बेचे

डेट्रॉयट। उद्योगपति एलन मस्क ने इस सप्ताह इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी टेस्ला के 3.58 अरब डॉलर के शेयर बेचे हैं। हालांकि इससे प्राप्त आय का क्या उपयोग किया गया है इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। टेस्ला के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं ट्विटर के नए मालिक मस्क ने इलेक्ट्रिक वाहनों की कंपनी के शेयर सोमवार से बुधवार के बीच बेचे।

रुपया 27 पैसे की गिरावट के साथ 82.76 प्रति डॉलर

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया गुरुवार को 27 पैसे की गिरावट के साथ 82.76 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में वृद्धि के साथ उसके आक्रामक रुख के कारण निवेशकों की कारोबारी धारणा प्रभावित होने से रुपये की धारणा प्रभावित हुई।

अधिकांश देश कुल ऑनलाइन गेमिंग राजस्व पर लगाते हैं जीएसटी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑनलाइन गेमिंग उद्योग को बढ़ावा देने वाले अधिकांश देश 'कुल गेमिंग आय (जीजीआर)' या ऑनलाइन गेमिंग पोर्टल द्वारा लिए जाने वाले पूरे शुल्क पर कर लगाते हैं।

- ब्रिटेन और फ्रांस जीजीआर मॉडल को अपनाने ला रहे प्रस्ताव

विधि फर्म लक्ष्मीकुमारन एंड श्रीधरन ने एक रिपोर्ट में यह बात कही। रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रिटेन और फ्रांस जैसे देश जीजीआर कर मॉडल को अपनाने के लिए प्रस्ताव ला रहे हैं। इन देशों में इस समय कारोबार कर का मॉडल है। श्रीधरन ने कहा कि भारत में ऑनलाइन गेमिंग उद्योग पर इस समय जीजीआर मॉडल के आधार पर 18 प्रतिशत की दर से जीएसटी लागू है।

विधि फर्म लक्ष्मीकुमारन एंड श्रीधरन ने जारी की रिपोर्ट

28 फीसदी जीएसटी लगाने की सिफारिश

माना जा रहा है कि जीओएम ने अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप दे दिया है और ऑनलाइन गेमिंग पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने की सिफारिश की गई है। यह कर सभी तरह के गेम पर लागू हो सकता है, चाहें उसमें कौशल शामिल हो या सिर्फ किस्मत के आधार पर जीत-हार तय होती हो।

परिषद की बैठक 17 दिसंबर को

फर्म के कार्यकारी भागीदार एल बद्री नारायणन ने कहा कि विश्वस्तर पर देश ऐसी प्रगतिशील कर प्रथाओं को अपना रहे हैं, जिनसे उद्योग और सरकार दोनों को फायदा मिले। उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद की बैठक 17 दिसंबर को होने जा रही है जिसमें इस मुद्दे पर विचार किया जा सकता है।

प्रतिवर्ष 2200 करोड़ अधिक मिलेंगे मूल्यांकन पद्धति में बदलाव पर विचार

इससे प्रतिवर्ष 2,200 करोड़ रुपए से अधिक कर मिलता है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'ऑनलाइन गेमिंग उद्योग को बढ़ावा देने वाले ज्यादातर देश जीजीआर पर कर मॉडल का पालन करते हैं।' भारत में जीएसटी परिषद ने ऑनलाइन गेमिंग क्षेत्र के लिए मौजूदा जीएसटी दर और मूल्यांकन पद्धति में बदलाव पर विचार करने के लिए मंत्रियों की एक समिति (जीओएम) का गठन किया है।

सरकार ने कहा, केंद्रीय पूल के तहत पर्याप्त खाद्यान्न स्टॉक

एक जनवरी को 159 लाख टन होगा गेहूं का भंडार, बफर मानदंड से कहीं अधिक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने गुरुवार को कहा कि एक जनवरी, 2023 को केंद्रीय पूल में गेहूं का भंडार करीब 159 लाख टन का होगा जबकि बफर मानदंड के हिसाब से यह 138 लाख टन ही होना चाहिए था। एक सरकारी बयान में कहा गया, 'भारत सरकार के पास एनएफएसए (राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम) और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ पीएमजीकेएवाई (प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना) के अतिरिक्त आवंटन की आवश्यकता को पूरा करने के लिए केंद्रीय पूल के तहत पर्याप्त खाद्यान्न स्टॉक है।'

एक जनवरी, 2023 तक लगभग 159 लाख टन गेहूं उपलब्ध होगा, जो 138 लाख टन के बफर मानक की जरूरत से कहीं अधिक है। 12 दिसंबर तक केंद्रीय पूल में करीब 182 लाख टन गेहूं उपलब्ध है। इसमें कहा गया है, 'भारत सरकार गेहूं के मूल्य परिदृश्य से अच्छी तरह वाकिफ है और अन्य जिंसों के साथ-साथ साप्ताहिक आधार पर नियमित रूप से इसकी निगरानी कर रही है और जरूरत पड़ने पर सुधारात्मक कदम उठा रही है।'

- बफर मानदंड के हिसाब से यह 138 लाख टन होना चाहिए
- अतिरिक्त आवंटन की आवश्यकता पूरी की जा सकती है
- 12 दिसंबर तक केंद्रीय पूल में करीब 182 लाख टन गेहूं

मई 2022 से निर्यात नियम लागू

केंद्र ने आगे किसी भी मूल्य वृद्धि को रोकने के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं और 13 मई, 2022 से निर्यात नियम लागू किए गए हैं। बयान में कहा गया है कि इसके अलावा एनएफएसए के साथ-साथ पीएमजीकेएवाई के तहत आवंटन भी कल्याणकारी योजनाओं की आवश्यकताओं को पूरा करने के मकसद से केंद्रीय पूल में पर्याप्त गेहूं स्टॉक रखने के लिए चावल के पक्ष में संशोधित किया गया है।

कम उत्पादन के कारण गेहूं की खरीदी कम थी

सरकार ने कहा, 'हालांकि भू-राजनीतिक परिस्थितियों के चलते खुले बाजार में किसानों द्वारा एमएसपी से अधिक कीमतों पर बिक्री के साथ-साथ कम उत्पादन के कारण पिछले सत्र के दौरान गेहूं की खरीद कम थी, फिर भी केंद्रीय पूल में गेहूं का पर्याप्त स्टॉक अब भी उपलब्ध होगा जिससे अगली गेहूं की फसल आने तक देश की जरूरतों को पूरा किया जा सकता है।'

एमएसपी में 110 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि

: केंद्र ने इस साल गेहूं की फसल का एमएसपी बढ़ाकर 2,125 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है, जबकि पिछले साल आरएमएस 2022-23 के लिए एमएसपी 2,015 रुपये प्रति क्विंटल था। एमएसपी में 110 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि के साथ-साथ अगले सत्र के दौरान गेहूं का उत्पादन और खरीद सामान्य रहेगी।

सभी कल्याणकारी योजनाओं के लिए गेहूं उपलब्ध

बयान में कहा गया है, 'अगले सत्र में गेहूं की खरीद अप्रैल, 2023 से शुरू होगी और शुरुआती आकलन के मुताबिक पिछले साल की तुलना में गेहूं की बुवाई में बढ़ोतरी हुई है।' सरकार ने कहा कि उसने यह सुनिश्चित किया है कि सभी कल्याणकारी योजनाओं की आवश्यकता को पूरा करने के लिए केंद्रीय पूल में खाद्यान्न का पर्याप्त भंडार उपलब्ध हो और कीमतें नियंत्रण में रहें।

भारत का गेहूं उत्पादन घटा

रबी विपणन सत्र 2022-23 (अप्रैल-जून) में गेहूं की खरीद वर्ष 2021-22 के 433.44 लाख टन के मुकाबले घटकर 187.92 लाख टन रह गई, क्योंकि गेहूं का बाजार मूल्य एमएसपी से कहीं अधिक था। भारत का गेहूं उत्पादन फसल वर्ष 2021-22 (जुलाई-जून) में पिछले वर्ष के 10.96 करोड़ टन से घटकर 10 करोड़ 68.4 लाख टन रह गया। इसकी वजह पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों में गर्मी की वजह से उपज घटना है।

रोहतक। पत्रकारों से बातचीत करते हुए एलन के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट सीआर चौधरी।

रोहतक में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट की शाखा शुरू

- जेईई, नीट समेत दूसरी परीक्षाओं की करवाएगी तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मेडिकल व इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारियों के क्षेत्र में देशभर में विख्यात एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट अब रोहतक में क्लास रूम कोचिंग देगा। हरियाणा में हिसार के बाद रोहतक में स्टडी सेंटर के शुरुआत की घोषणा वीरवार को एक निजी होटल में की गई। इस अवसर पर एलन के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट सीआर चौधरी, वाइस प्रेसीडेंट पंकज अग्रवाल, तुषार पारेख, विजय सोनी, कोर टीम सदस्य वैभव झंवर, एलन चंडीगढ़ के सेंटर हेड सदानंद वाणी सहित कई सीनियर फैकल्टी सदस्य मौजूद रहे। समारोह में सीनियर वाइस प्रेसीडेंट सीआर. चौधरी ने कहा कि एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट पिछले दो वर्षों से हिसार में तथा बीते 10 वर्षों से चंडीगढ़ में सेवायें दे रहा है। इस दौरान विद्यार्थियों का साथ और अभिभावकों का विश्वास जीता है

हरियाणा-पंजाब के विद्यार्थियों का बेहतर प्रदर्शन

एलन में पढ़ते हुए हरियाणा-पंजाब के विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-2022 में एलन स्टूडेंट रही तनिष्का ने ऑल इंडिया टॉप किया। इससे पूर्व भी हरियाणा और पंजाब के विद्यार्थियों ने बेहतर परिणाम दिए। 2021 के परिणामों में जेईई-मेंस में पुलकित गोयल ने 300 में से 300 अंक प्राप्त कर रैंक-1 प्राप्त की। इसी तरह 2020 जेईई-मेंस ऑल इंडिया रैंक-42 पर कार्तिक शर्मा रहे, वहीं 2019 जेईई-मेन में जयेश सिंगला ने ऑल इंडिया रैंक-4 प्राप्त की तथा 2017 में रचित बंसल ने जेईई एडवांस्ड में ऑल इंडिया रैंक-9 प्राप्त की।कॅरियर व केयरिंग दोनों वाइस प्रेसीडेंट तुषार पारेख ने कहा कि एलन की शुरूआत केयर फस्ट की तर्ज पर होगी।

स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंसेज, के.आर.मंगलम यूनिवर्सिटी

गुरुग्राम। गुरुग्राम ने स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट्स एंड लैंग्वेजेज, शोभित विश्वविद्यालय,गंगोह, के सहयोग से 1 दिसंबर से 7 दिसंबर, 2022 तक उच्च शिक्षा के लिए शैक्षणिक तकनीक विषय पर एक सप्ताह का ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित किया। कार्यक्रम में पूरे भारत के कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षा संस्थानों के 150 से अधिक विद्यार्थीयों, शोधार्थियों और शिक्षकों ने भाग लिया। एफडीपी का उद्घाटन प्रोफेसर कामिनी चौहान तंवर,एसोसिएट डीन, स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंसेज, के.आर.मंगलम विश्वविद्यालय द्वारा किया गया, जिन्होंने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आलोक में शिक्षाशास्त्र को फिर से स्थापित करने की आवश्यकता पर बात की।

स्विस नेशनल बैंक ने भी बढ़ाईं ब्याज दरें

जिनेवा। स्विस नेशनल बैंक ने गुरुवार को अपनी प्रमुख ब्याज दरें बढ़ा दीं। यूरोप के अन्य केंद्रीय बैंक भी मुद्रास्फीति को काबू में करने के लिए अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की तर्ज पर ब्याज दरों में बढ़ोतरी कर सकते हैं। स्विट्जरलैंड के केंद्रीय बैंक ने नीतिगत दर में 0.50 प्रतिशत की वृद्धि की है।

सेंसेक्स 879 अंक टूटकर 62,000 से नीचे पहुंचा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

- फेडरल रिजर्व के आक्रामक रुख से सहमा बाजार

घरेलू शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को बड़ी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स करीब 879 अंक लुढ़क गया। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा नीतिगत दरें बढ़ाने तथा आगे आक्रामक रुख के संकेतों के साथ वैश्विक बाजारों में गिरावट के बीच दोनों प्रमुख मानक सूचकांक...सेंसेक्स और निफ्टी नुकसान में रहे। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 878.88 अंक यानी 1.40 प्रतिशत का गोता लगाकर 61,799.03 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 245.40 अंक यानी 1.32 प्रतिशत टूटकर 18,414.90 अंक पर बंद हुआ सेंसेक्स के शेयरों में टेक महिंद्रा सबसे ज्यादा 3.98 प्रतिशत नीचे आया। इन्फोसिस, टाइटन, एचडीएफसी, आईटीसी, एचडीएफसी बैंक, टाटा स्टील और टीसीएस प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

चालू वित्त वर्ष में 6-10 % तक महंगे होंगे मकान

मुंबई। कच्चे माल, श्रम और भूमि की लागत में भारी वृद्धि और अपेक्षाकृत अनुकूल मांग-आपूर्ति की स्थिति के कारण शीर्ष छह शहरों में घरों की कीमतों में चालू वित्त वर्ष में छह से 10 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले वित्त वर्ष में घरों के दाम तीन से पांच प्रतिशत और बढ़ेंगे। रिपोर्ट में भी कहा गया है कि बड़े रियल एस्टेट कंपनियां 2022-23 में बिक्री में 25 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज करेंगी। अगले वित्त वर्ष में इन कंपनियों की बिक्री 10-15 प्रतिशत बढ़ेगी। रिपोर्ट कहती है कि खाली घरों (बिना बिके मकानों) का स्तर ढाई साल पर आ गया है। महामारी से पहले यह चार साल था। इसकी वजह बड़ी रियल एस्टेट की कर्ज लेने की क्षमता में सुधार है।

इंडीजीन ने सेबी के पास आईपीओ के लिए दस्तावेज जमा कराए

नई दिल्ली। वैश्विक जीवन विज्ञान उद्योग पर केंद्रित स्वास्थ सेवा कंपनी इंडीजीन लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये 3,200 करोड़ रुपये तक जुटाने के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास शुरुआती दस्तावेज जमा कराये हैं।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

ज्योतिष

ऑल इंडिया खुला चैलेंज 7 घंटो में घर बैठे गारन्टीड समाधान

पंडित पी के शर्मा
99972-78009
मनचाहा वशीकरण लवमैरिज, किया कराया, सौतन व दुश्मन छुटकारा नौकरी, कर्ज कारोबार, शादी में रुकावट, सास व बहू में झगडा गृहक्लेश, विदेश यात्रा, पति-पत्नी अनबंन, बिमारी में दवा का न लगना
हमारे किये हुए काम को कोई ज्योतिष, पंडित या मौलवी काट दे तो उसे नगद इनाम
स्पे. वशीकरण, मुठकरनी
99972-78009

फाइनेंस

☞ गृहलक्ष्मी फाइनेंस कम्पनी द्वारा लोन मात्र 36 घंटों में ब्याज 2% छूट 50% मार्कशीट प्रोपर्टी पर्सनल लोन खर्चा लोन पास होने पर मात्र 3200/- 81270-73108

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

राशिफल

मेष — संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

वृष — खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

मिथुन — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

कर्क — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

सिंह — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

कन्या — कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

तुला — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

वृश्चिक — संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

धनु — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

मकर — आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

कुंभ — क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

मीन — किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली में मल्लिकार्जुन खड़गे से भेंट की

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज नई दिल्ली में उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और सभी नव-निर्वाचित विधायकों के साथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से भेंट की। इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं हिमाचल प्रदेश के प्रभारी राजीव शुक्ला भी उपस्थित थे। मल्लिकार्जुन खड़गे ने मुख्यमंत्री और सभी कांग्रेस विधायकों को विधानसभा चुनावों में जीत दर्ज करने और राज्य में कांग्रेस को सत्तासीन होने पर बधाई दी। उन्होंने प्रतिभा सिंह, सुखविंदर सिंह सुक्खू, मुकेश अग्निहोत्री और सभी पार्टी नेताओं की कड़ी मेहनत की सराहना की।

उत्तर रेलवे

ई-GeM Bid सूचना

GeM Bid Number- GEM/2022/B/2787983 Date: 15.12.2022 के लिए भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए कार्यरत वरिष्ठ सामग्री प्रबंधक द्वारा ई–GeM Bid आमंत्रित की जाती है। विवरण इस प्रकार है:–

1	**कार्य का नाम :** M.S. Angle 75x75x6 MM to IS 808-1989/IS: 2062-1992, Grade E-250, Quality-A, Semi killed, Note- Angle length should be multiple of 3 meter.
2	**कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 26,76,240/-
3	**मात्रा :** 27 MT.
4	GeM bid **की बोली प्रस्तुत (जमा) करने की तिथि एवं समय :** 09.01.2023 (11:00 Hrs.)
5	GeM bid **दस्तावेजों को खोलने की तिथि एवं समय :** 09.01.2023 (11:30 Hrs.)
6	**वेबसाइट विवरण जहां** GeM bid **दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है : www.GeM.gov.in**

टिप्पणी: (i) ई–GeM bid प्रणाली में शामिल होने के लिए निविदादाता को भारत सरकार ई–GeM bid प्रापण प्रणाली (GeM.gov.in) साइट अर्थात **www.GeM.gov.in** पर पंजीकृत होना चाहिए। (ii) सभी नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया GeM bid दस्तावेज देखें। (ii) कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं हैं। **सं.: GEM/2022/B/2787983 दिनांक: 15.12.22**

3339/2022

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई–निविदा सूचना संख्या : NER-BSB0SnT-OT-29-2022

मंडल रेल प्रबन्धक/सिग. एवं दूरसंचार / पूर्वोत्तर रेलवे / वाराणसी कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए "खुली–ई" निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा सूचना सं. एवं कार्य का नाम : NER-BSB0SnT-OT-29-2022, कार्य का नाम : विभिन्न खंडों में आरसीसी चारदीवारी का प्रावधान (कुल 74.750 कि.मी.), मऊ जं.–शाहगंज जं. (एसएल) – उपकर सुधार – 25.000 कि.मी. और वाराणसी जं. – इलाहाबाद सिटी (एसएल) – उपकर सुधार – 40.000 कि.मी. ।अनुमानित लागत: रू. 1,07,25,611.67, बयाना की राशि: रू. 2,03,600.00, निविदा प्रपत्र की कीमत : रू. 00.00, कार्य पूर्ण करने की अवधि : 180 दिन, निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय : 06.01.2023 को 15.00 बजे

1. ई–निविदा दिनांक 06.01.2023 को 15:00 बजे तक आन लाईन जमा किया जा सकेगा। 2. पूर्ण विवरण की जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाईट i.e. www.ireps.gov.in देखें।

मंडल रेल प्रबन्धक/सिग. एवं दूर संचार/वाराणसी मुजाधि/सिगनल – 84

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मोबाइल नं. 09794845955 पर SMS करें।

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

शब्द पहेली - 5007



मंगल पैणचा, बैंगलोर

बाएँ से दाए

1.चिकित्सा,इलाज-4
5.पैतृक संपत्ति-4
8.बलवा,क्रांति-3
9.निम्न-2
11.सुअर,शूकर-3
12.चौबीसवें तीर्थंकर-4
14.केश-2
15.मुनाफा,अर्जित-3
17.मैदे की रोटी-2
19.मनोहर,आकर्षक-5
22.अनासक्ति,निर्विकारता-5
25.पानी,नीर-2
26.सूखा,दुष्काल-3
27.कांटा,कंटक-2
28.शांति,ध्वनिहीनता-4
30.तीक्ष्ण,तेजस्वी-3
31.लाख,गोंद-2
33.मधुक,महुआ-3
35.हृदयगति,स्पंदन-4
36.अनुक्रम,निरंतरता लयबद्ध-4

ऊपर से नीचे

2.पंख,पराया-2
3.राम का एक नाम-4
4.संरक्षक,देखरेख करने वाला,मुहाफिज-5
5.वियोग,जुदाई-3
6.गलत का विलोम-2
7.एकांतता,अकेलापन-4
10.मरियल,निर्बल-4
13.'क्योंकि सास भी कभी बहु थी' में तुलसी इस परिवार की बहु है-3
16.मक्खन-3
17.रिश्ता-2
18.लाश-3
20.माला का मोती-3
21.यमराज-2
22.ललाट-2
23.ताप वर्धक-3
24.विदिर्ण-2.2
25.पानी का बहना-5
26.जुर्म,गुनाह-4
28.रसहीनता-4
29.प्रणाम,नमस्कार-3
32.लड़ी,श्रृंखला-2
34.दोस्त,सखा-2

शब्द पहेली- 5006 का हल

	बि	ज	ली	घ	र		मा	न	सि	क
दि	ल		ड		ख	न	न		ना	रा
ल		धा	र	दा	र		क	ली		मा
दु	ला	रा			खा	स		ख	प	त
ख		धा		ना	व		ग		र	
ना	म	र	ख	ना		च	म	क	दा	र
	यू		त		स	र		ट		वा
ह	र	म		शा	म			पी	स	ना
ड़		य	श		का	रा	वा	स		हो
ता	न		प	ग	ली		न		म	ना
ल	थ	प	थ		न	ग	र	व	धु	

सूडोकु नवताल - 5013

★★★★★ कठिनतम

	9	7			6			
	1					2		
5			7				3	
			4					6
		3				9		
4					8			
	7				9			8
		2					1	
			3				4	

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 5012 का हल

6	5	8	9	1	4	2	7	3
1	2	7	3	5	8	6	4	9
3	4	9	7	2	6	1	5	8
2	3	6	1	4	5	9	8	7
8	9	5	2	7	3	4	1	6
4	7	1	6	8	9	3	2	5
7	6	4	5	3	1	8	9	2
9	8	2	4	6	7	5	3	1
5	1	3	8	9	2	7	6	4